53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.9 °c | अधिकतम 25.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:37, सूर्यास्त - 6:23 | वर्ष : 53/ अंक : 66 | शनिवार, 08 मार्च 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कमजोरी सभी में होती है,
मगर कमजोर सिर्फ वह होता
है... जिन्हें अपनी ताकत
पर भरोसा नहीं होता।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जब सत्ता बदलेगी तो अनुज चौधरी जैसे लोगों को जेल में डाला जाएगा : रामगोपाल यादव



कहीं इसीलिए तो सत्ता नहीं बदल रही है?.......

# पालिका के एई निर्माण अखंड प्रताप रिलीव !

## ▸ विशेष बजट बोर्ड बैठक में एई के खिलाफ उठी आवाज ▸ भ्रष्टाचार के आरोप, शासन से जांच कराने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 07 मार्च (बु.)।** पालिका की बोर्ड बैठक में बजट प्रस्ताव रखे जाने से पूर्व पालिका एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह के खिलाफ आक्रोश दिखाई दिया। बोर्ड में दो तिहाई बहुमत के आधार पर एई के खिलाफ प्रस्ताव रखने पर दो सभासदों के सदन में इसका विरोध किए जाने से वहां माईक लेने को धक्का-मुक्की व पक्ष-विपक्ष में हंगामा खड़ा हो गया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बहुमत के आधार पर प्रस्ताव स्वीकार कर सदन का मान रखा और एई निर्माण को सदन की भावना के अनुरूप शासन के आदेश का पालन करते हुए पालिका से रिलीव करने के साथ उनके खिलाफ आई शिकायतों पर शासन को जांच को संस्तुति भेजने का भरोसा दिलाया है।

पालिका सभाकक्ष में शुक्रवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में संपन्न बोर्ड बैठक में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने वार्षिक बजट का एक मात्र प्रस्ताव सदन के सामने रखा। इससे पूर्व सदन में एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह के खिलाफ माहौल बनता नजर आया। सभासद राजीव शर्मा और मनोज वर्मा ने सदन के दो तिहाई बहुमत के आधार पर एई निर्माण अखंड प्रताप के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया और उनको शासन के आदेशानुसार पालिका से रिलीव करने की मांग चेयरपर्सन से की। इस बीच सभासद अर्जुन प्रजापति और देवेश कौशिक ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए एई निर्माण के खिलाफ लाये गये प्रस्ताव पर सभासदों को गुमराह कर हस्ताक्षर कराने के आरोप लगाए, जबकि वार्ड सभासद राजीव शर्मा ने दावा किया कि एई के खिलाफ बोर्ड के 42 सभासदों का समर्थन है और सभी इस पक्ष में एक राय हैं कि भ्रष्ट आचरण व नकारात्मक कार्यप्रणाली, कुछ चहेते ठेकेदारों को स्वार्थ पूर्ति के लिए अनुचित ढंग से लाभ पहुंचाने का कार्य करते हुए पालिका को बदनाम कर छवि धूमिल करने वाले एई निर्माण को पालिका से रिलीव किया जाये। उन्होंने कहा कि 10, 15 व 18 फरवरी को निर्माण कार्यों की जो निविदा खोली गई, उनमें शर्तें पूरी होने के बाद भी एई निर्माण ने अपने कुछ ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा निरस्त कर दी। एई निर्माण के खिलाफ सदन में प्रस्ताव देने वालों में मुख्य रूप से सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, नौशाद खां, शौकत अंसारी, इरशाद हकीम, अमित पटपटिया, रजत धीमान, सीमा जैन, राखी पंवार, हिमांशु कौशिक, रविकांत काका, योगेश मित्तल, बबीता वर्मा, कुसुमलता पाल, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, नौशाद पहलवान, अनीता, हनी पाल, अनुज कुमार, विजय कुमार, शाजिया, उमरदराज, सतीश कुमार आदि सभासद शामिल रहे।

### करीब 9 माह पूर्व शासन कर चुका है एई निर्माण का तबादला

**मुजफ्फरनगर, 07 मार्च (बु.)। पालिका के एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह का तबादला शासन स्तर से करीब 9 माह पूर्व हो चुका है, लेकिन पालिका में कार्य की जरुरत को देखते हुए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने उन्हें रिलीव नहीं किया। बताया गया कि 29 जून 2024 को नगरीय निकाय निदेशालय निदेशक डॉ. नितिन बंसल द्वारा एई निर्माण अखंड प्रताप का तबादला आदेश जारी किया था, जिसमें उनको मुजफ्फरनगर पालिका से हटाते हुए नगर निगम अलीगढ़ में तैनात किया और उनको तत्काल प्रभाव से आदेशों का अनुपालन करने के लिए कहा था। इसी आदेश को सामने रखते हुए सभासदों ने उनको पालिका से रिलीव करने का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया और चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप से शासन के आदेश पर कार्यवाही करते हुए उन्हें रिलीव करने की मांग की। बता दें, 27 फरवरी को ही एई निर्माण की शादी हुई है और वार्ड सभासद इसे उनको शादी का तोहफा बता रहे हैं, जिसकी चर्चा पालिका में खूब होती रही।**



### अयोध्या से दिल्ली जा रही ट्रेन में बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ, 07 मार्च (एजेंसी)।** अयोध्या से दिल्ली जा रही ट्रेन संख्या 42002 में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। शुक्रवार देर शाम 112 नंबर पर आई इस धमकी के बाद रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। कॉल करने वाले ने दावा किया कि ट्रेन को चारबाग स्टेशन से पहले उड़ा दिया जाएगा। सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और बम डिस्पोजल दस्ते ने ट्रेन की सघन तलाशी शुरू कर दी। बाराबंकी से लेकर लखनऊ तक हाई अलर्ट जारी कर दिया गया और खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गईं। रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शाम 7:30 बजे के करीब जब ट्रेन स्टेशन पहुंची तो भारी पुलिस बल पहले से तैनात था। ट्रेन रुकते ही बम डिस्पोजल टीम और खोजी दस्तों ने हर कोच की गहन जांच शुरू कर दी। यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया लेकिन सुरक्षा बलों ने किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए ट्रेन को पूरी तरह खंगालना शुरू कर दिया।

### फिरोजाबाद में एलकेजी के छात्र की स्कूल में मौत

**फिरोजाबाद 07 मार्च (वार्ता)** फिरोजाबाद के थाना दक्षिण के नगला भाऊ स्थित इंडस्ट्रियल स्टेट में स्थित कृष्णा वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार सुबह एक मासूम छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना दक्षिण के नगला मोती निवासी मनोज कुमार का छह वर्षीय पुत्र कृष्णा वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में एलकेजी का छात्र था। वह रोजाना की तरह शुक्रवार को पढ़ने के लिए स्कूल गया था, तभी अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। स्कूल स्टाफ उसको लेकर प्राइवेट ट्रामा सेंटर में आया जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। स्कूल स्टाफ शव को छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन प्राइवेट ट्रामा सेंटर पहुंचे और उन्होंने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया। मृतक के माता-पिता दोनों ही दिव्यांग हैं। मासूम छात्र की मौत हार्ट अटैक से होने की संभावना की जा रही।



# शाहपुर क्षेत्र के दो दोस्तों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

### गांव शोरम में शोक की लहर, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

**शाहपुर, 07 मार्च (बु.)।** जनपद में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। लगातार सड़क हादसे से हुई मौतों में इजाफा होना आमजन के लिए चिंता का विषय बना हुआ है मगर रफ्तार पर किसी का नियंत्रण नहीं है। कभी अपनी गलती से तो कभी सामने वाले वाहन की गलती से दुर्घटनाओं में जानें जा रही हैं। गुरूवार को भी सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की जान गयी थी। उसी क्रम में आज शुक्रवार को भी शाहपुर के गांव सोरम निवासी दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत से गांव में शोक व्याप्त है। शाम के समय दोनों युवकों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के गांव सोरम निवासी 21 वर्षीय शुभम बालियान व 20 वर्षीय आकाश शर्मा गांव के ही अपने दोस्त कबड्डी खिलाड़ी निशांत बालियान की रिश्तेदारी में बागपत जनपद के गांव सिनौली में आयोजित होने वाली शादी समारोह में गए थे। बताया गया कि शादी समारोह से वह शुक्रवार की सुबह बाइक पर सवार होकर गांव वापस लौट रहे थे, जब वह गांव पुसार के पास पहुंचे, तो एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत की सूचना से जहां परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, वहीं गांव में शोक छा गया। शाम के समय दोनों युवकों के शव गांव में पहुंचे। दोनों युवकों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक युवक शुभम बालियान कबड्डी का राज्य स्तर का खिलाड़ी रह चुका है। वर्तमान में वह तीरंदाजी खेल रहा था और प्रदेश स्तर पर खेल चुका था। उसका दोस्त आकाश शर्मा भर्ती के अलावा अन्य सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। मृतक शुभम बालियान दो भाई है, जिनमें वह छोटा था। वहीं आकाश शर्मा दो भाइयों में छोटा था। दोनों युवकों की मौत से गांव में शोक व्याप्त है।



सड़क हादसे में मृत युवकों के फाइल फोटो

# चेयरपर्सन नगर विकास पर खर्च करेंगी 36 करोड़ प्रति माह

**248 करोड़ की आय का वार्षिक बजट सदन में पास**

**429 करोड़ खर्च के बाद भी 51 करोड़ बचाने का प्लान**

**मुजफ्फरनगर, 07 मार्च (बु.)।** नगरपालिका परिषद् बोर्ड बैठक में चेयरपर्सन के रूप में मीनाक्षी स्वरूप की अगुवाई में वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर विकास को तैयार आय-व्यय का प्लान ध्वनिमत से पारित हो गया। आगामी वित्तीय वर्ष के 12 माह में पालिका 429 करोड़ रुपये नगर के विकास, संसाधनों व कर्मियों के वेतन और पेंशन सहित अन्य मदों में खर्च करेगी। यानि प्रति माह पालिका में सुविधा और व्यवस्था बनाने के लिए पालिका ने 36 करोड़ रुपये का व्यय करने के साथ हर माह करीब 21 करोड़ के हिसाब से 248 करोड़ वार्षिक आमदनी का लक्ष्य तय किया है। खर्च व आमदनी में बड़ा अंतर होने के बाद भी पालिका अपने खजाने में साल के अंत तक 51 करोड़ की राशि संजोने में सफल रहेगी।

शुक्रवार को पालिका सभागार में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में 51 करोड़ रुपये के लाभ का वार्षिक बजट प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया, जिस पर हर सदस्य सहमत दिखाई दिया। इससे पूर्व अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने सदन में दो प्रस्ताव वाला एजेंडा प्रस्तुत किया। इस बीच प्रस्ताव सं. 488 के अन्तर्गत गत कार्यवाही की पुष्टि पर सदन की मुहर लगी तो विशेष प्रस्ताव संख्या 489 में वार्षिक अनुमानित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय व व्यय को प्रस्तुत करते हुए सदन की सहमति प्राप्त की गई। इस बार चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में नगरपालिका परिषद् वित्तीय वर्ष 2025-26 में 248 करोड़ रुपये का बजट लेकर आई है। बजट प्रस्ताव के अनुसार लेखा विभाग के आंकड़ों में 1 फरवरी तक पालिका खजाने में 231 करोड़ से ज्यादा की राशि अवशेष है और आने वाले साल में पालिका ने 248 करोड़ रुपये से ज्यादा की आय विभिन्न मदों से जुटाने का अनुमान लगाया है। ऐसे में पालिका इस वित्तीय वर्ष तक 480 करोड़ रुपये से ज्यादा का खजाना अपने पास संजोयेगी और इसमें से 429 करोड़ से ज्यादा की राशि विकास कार्यों के साथ वेतन, संसाधन व दूसरे मदों पर खर्च करने की स्वीकृति सदन ने प्रदान कर दी है। बोर्ड बैठक में 55 सदस्यों में से 51 सदस्य उपस्थित रहे। वार्ड 8 से मुसीरा, 28 से मोहित मलिक, 45 से नरगिस सिद्दीकी और 46 से शबनूर बैठक में नहीं पहुंचे। करीब 15 मिनट चली बोर्ड बैठक में इस दौरान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, ईओ प्रज्ञा सिंह, लेखाधिकारी प्रीति रानी, केएनए दिनेश यादव, एई जल सुनील कुमार, जेई जल धर्मवीर सिंह, जेई निर्माण कपिल कुमार, जेई जल जितेन्द्र कुमार, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, कार्यवाहक टीएस पारूल यादव, सीएसआई योगेश कुमार, एसआई प्लाक्षा मैनवाल समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



शेष - पृष्ठ-4 पर

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर में पढ़ी पहले जुमे की नमाज

## ▸ जुमे की नमाज की तैयारियों को अलर्ट दिखा पालिका प्रशासन ▸ कली चूने के छिड़काव के साथ बिजली-पानी पर रहा जोर

**मुजफ्फरनगर, 07 मार्च (बु.)।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को देशभर के साथ नगर मुख्यालय पर विभिन्न मस्जिदों में रमजानुल मुबारक के पाक माह में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने एक साथ नमाज पढ़ी। पालिका की ओर से जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में सुबह से साफ-सफाई के साथ गलियों में कली छिड़की गई, जिससे तमाम मस्जिदों में इस दौरान रौनक लौटने के साथ रमजान के पहले जुमे की नमाज होने के बीच मुस्लिम बस्तियों में खास उत्साह देखने को मिला। ऐसे में जहां मस्जिदों में ईद जैसा नजारा था, वहीं घर और गलियों में खुशी का माहौल बना रहा। इस दौरान जिला पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर मुस्तैद रहा।

शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे की नमाज में प्रदेश में करोड़ों सिर खुदा की बारगाह में सजदा करने के लिए एक साथ में झुके, वहीं जनपद मुख्यालय के साथ शहर से गांव-देहात तक मस्जिदों में नमाजियों की बढ़ती भीड़ ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए खुदा का शुक्रिया अदा किया। हालांकि वैसे तो मस्जिदें रमजान माह की शुरूआत से गुलजार हो गई थी, लेकिन जुमे की नमाज के साथ गांव-देहात से मुख्यालय तक हर कोई बेहद खुश दिखाई दिया। देखा जाए तो रमजानुल मुबारक खुदा की रहमत एवं बरकतों का महीना माना जाता है, जिसमें रोजे की इबादत सिर्फ इंसानी जिस्म को कूवत पहुंचाती है, अपितु उसे वह रुहानी सुकून भी अता करती है। सहरी में रोजे की नीयत से इफ्तार तक सब्र और खाने-पीने की पाबंदी किसी रोजेदार के हर गुनाह को अल्लाह की बारगाह में बख्शवाने का जरिया साबित होते हैं। मुजफ्फरनगर शहर में करीब 200 मस्जिदें आबाद हैं, जहां नमाजे जुमा पूरे उत्साह और व्यवस्था के बीच अदा की गई। इससे पूर्व सवेरे से ही इन मस्जिदों में नमाज को व्यवस्था की गई, जिसे लेकर मस्जिदों के प्रबंधन के साथ जिला प्रशासन पहले ही तैयारियों को अंजाम दे चुके थे। इस्लामी हिजरी कैलेंडर का नौवा महीना रमजान के इस पाक और मुकद्दस माह में पूरे महीने 30 दिन तक यदि कोई बुराई को छोड़ दें, तो समझा जाता है कि वह बुराई से हमेशा दूर हो गया। इन 30 दिनों के रोजों की इबादत इंसान के अंतर्मन को पाक करती है। रमजान मुबारक का पहला जुमा पूरी खुशियों के साथ बीता। इस दौरान जुमे की नमाज को लेकर तमाम रोजेदारों में उत्साह बना नजर आया।













# यू-ट्यूब का बड़ा एक्शन : डिलीट किए 95 लाख से ज्यादा वीडियो, 48 लाख चैनल किये रिमूव

**नई दिल्ली, 7 मार्च (एजेंसी)।** यू-ट्यूब ने सख्त एक्शन लेते हुए 95 लाख से ज्यादा वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिया है इके साथ साथ कम्पनी ने 48 लाख यूट्यूब चैनलों को भी हटा दिया है। गूगल के वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने इन वीडियो को कॉन्टेंट वाइलेशन की वजह से रिमूव कर दिया है। कंपनी के मुताबिक, ये वीडियो पिछले साल अक्टूबर से लेकर दिसंबर 2024 के बीच यूट्यूब पर अपलोड किए गए थे। यूट्यूब से डिलीट किए गए वीडियो में से सबसे ज्यादा भारतीय क्रिएटर्स द्वारा अपलोड किए गए थे। यूट्यूब ने बताया कि ये वीडियो उनके कॉन्टेंट पॉलिसी के खिलाफ थे।

डिलीट किए गए सबसे सबसे ज्यादा 30 लाख वीडियो भारतीय क्रिएटर्स द्वारा अपलोड किए गए थे। वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म द्वारा हटाए गए ज्यादातर वीडियो हेट स्पीच, अफवाह, उत्पीड़न वाले थे, जो कंपनी के कॉन्टेंट पॉलिसी के खिलाफ थे। यूट्यूब ने न सिर्फ वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म से हटाया है, बल्कि कंपनी ने 4.8 मिलियन यानी 48 लाख से ज्यादा चैनल को भी हटा दिया है। इन चैनल के माध्यम से स्पैम या फ्रॉड वाले वीडियो अपलोड किए जा रहे थे। यूट्यूब पर अगर कोई चैनल रिमूव किया जाता है तो उस चैनल पर अपलोड सभी वीडियो भी अपने आप डिलीट हो जाते हैं। चैनल पर लिए गए एक्शन की वजह से करीब 5.4 मिलियन यानी 54 लाख वीडियो हट गए।

### 21 वर्ष बाद चौ. चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**मुजफ्फरनगर, 7 मार्च (बु.)।** 21 वर्ष बाद अब बुढ़ाना की गायत्री वाटिका में आज चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण स्वयं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी करने के लिए आ रहे हैं। अनावरण का समय प्रातः 12 बजे निर्धारित किया गया है। दोनों नेता चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का करने के लिए बुढ़ाना पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ताओं को सम्बोधित भी किया जायेगा व प्रतिमा का अनावरण भी होगा।



